लोक सभा अध्यक्ष ने गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व की पूर्व संध्या पर लोगों को बधाई दी

नई दिल्ली, 26 नवंबर, 2023:लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व की पूर्व संध्या पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में श्री बिरला ने कहा:

"गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर सभी को शुभकामनाएं। गुरु जी का प्रेरणादायी जीवन और शिक्षाएं सार्वभौमिक बंधुत्व, समानता, करुणा और न्याय का मार्ग प्रशस्त करते हैं। 'नाम जपो, किरत करो, वंड छको' का शाश्वत संदेश प्रत्येक प्राणी को ईश्वर की आराधना करने, कर्म प्रधान रहने तथा जो भी अर्जित हो उसे समाज के साथ साझा करने की प्रेरणा देता है। गुरु जी ने सामाजिक सद्भाव और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व पर बल दिया, जो सभी प्रकार के भेदभाव का निषेध करता है। इस अवसर पर, गुरु नानक देव जी के बताए मार्ग पर चलते हुए हम स्वयं को एक शांतिपूर्ण, समृद्ध और प्रगतिशील भारत के लिए समर्पित करें जहां हर भारतीय सम्मान के साथ राष्ट्रनिर्माण में योगदान दे।"